# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
# ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल दरभंगा–2

## कार्यालय आदेश :–

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल दरभंगा–2 के अधीन मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क (एस0सी0) योजना अन्तर्गत रेलवे गुमटी चन्दौना से मुसहरी टोला तक पथ निर्माण कार्य हेतु संवेदक जय माता दी इन्टरप्राईजेज, पो0–दुखी कुमार यादव, ग्राम– पथरा, खिरमा, केवटी, जिला–दरभंगा (पिन नं0–847121) (Regd No-2210473 Class-II) के साथ एकरारनामा संख्या–24/SBD/2018-19 दिनांक–06.12.2018 को सम्पादित की गयी थी। एकरारनामा की राशि मो0– 70.74566 लाख मात्र था। संवेदक द्वारा मूल कार्य दिनांक–04.09.2019 को पूर्ण करने के उपरान्त पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य नहीं किया जा रहा है। पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य करने हेतु इस कार्यालय के पत्रांक–1017 दिनांक–16.06.2023, पत्रांक–1588 दिनांक–04.09.2023 एवं पत्रांक–733 दिनांक–25.04.2024 साथ ही मौखिक रूप से भी बार–बार निदेशित किया जाता रहा है। लेकिन संवेदक द्वारा अद्यतन पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य नहीं किया गया। ज्ञातव्य हो कि उक्त पथ का अनुरक्षण की जॉच दिनांक–20.09.2023 को मुख्यालय टीम द्वारा किया गया था जिसमें U ग्रेडिंग प्रदान की गई है। कनीय अभियंता, जाले द्वारा दिनांक–24.11.2023 को BRRMS App से किया गया जिसमें U ग्रेडिंग प्रदान की गई है। सहायक अभियंता, जाले द्वारा दिनांक–22.11.2023 को BRRMS App से किया गया जिसमें U ग्रेडिंग प्रदान की गई है। तदुपरान्त Rectification Module में अंकित होने के कारण पुनः सहायक अभियंता, जाले द्वारा दिनांक–23.03.2024 को BRRMS App से किया गया जिसमें U ग्रेडिंग प्रदान की गई है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा भी Rectification Module में अंकित होने के कारण दिनांक–22.04.2024 को BRRMS App से किया गया जिस में U ग्रेडिंग प्रदान की गई है। उक्त कृत के आलोक में इस कार्यालय का पत्रांक–733 दिनांक–25.04.2024 द्वारा संवेदक से स्पष्टीकरण पूछा गया था कि आप एक सप्ताह के अन्दर पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें अन्यथा आपके विरूद्ध डंडात्मक कार्रवाई प्रारंभ कर दिया जायेगा। इसका भी जवाब आज तक नहीं दिया गया है। साथ ही जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, दरभंगा द्वारा दिनांक–06.01.2024 को स्पष्ट रूप से निदेशित किया गया है कि विभागीय प्रावधानों के तहत कार्रवाई करते हुए नये अभिकर्त्ता का चयन कर सड़क का अनुरक्षण कार्य कराना सुनिश्चित करें।

तदुपरान्त अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, दरभंगा द्वारा भी Rectification Module में अंकित होने के कारण दिनांक–11.05.2024 को BRRMS App से किया गया जिसमें U ग्रेडिंग प्रदान की गई है, साथ ही अपने पत्रांक–1036 दिनांक–11.05.2024 द्वारा लिखित में स्पष्ट निदेश दिये है कि U में आवश्यक सुधार नहीं करने के कारण एकरारनामा को विखण्डन करते हुए संवेदक को कालीकृत करना सुनश्चित करें। उक्त आदेश के आलोक में इस कार्यालय का पत्रांक–844 दिनांक–16.05. 2024 द्वारा संवेदक से स्पष्टीकरण पूछा गया था कि आप तीन दिनों के अन्दर पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें साथ ही सात दिनों अपना स्पष्टीकरण समर्पित करें कि क्यों नहीं आपके विरूद्ध डंडात्मक कार्रवाई प्रारंभ कर दिया जाय? इसका भी जवाब आज तक नहीं दिया गया है।

वर्तमान में भी संवेदक द्वारा त्रुटियों का निराकरण करने हेतु कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही हैं। अधोहस्ताक्षरी / सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता के निरीक्षण के दौरान स्थल पर Technical Person एवं

**KEY EQUIPMENT** भी नहीं पाये गये। इस प्रकार संवेदक द्वारा मनमाने ढ़ंग से अनुरक्षण कार्य बंद रखने एवं विभागीय उच्चाधिकारी के आदेश का अवहेलना करने के लिए संवेदक दोषी है, साथ ही त्रुटि निराकरण करने में अक्षम हैं।

वर्णित स्थिति में क्षेत्रीय अभियंताओ से विमर्शोपरान्त एकरारनामा के प्रावधानों का उलंघन करने के लिए SBD के की कंडिका–03 अन्तर्गत उप कंडिका–(iv) के तहत संवेदक जय माता दी इन्टरप्राईजेज, पो0–दुखी कुमार यादव, ग्राम– पथरा, खिरमा, केवटी, जिला–दरभंगा (पिन नं0–847121) (Regd No-2210473 Class-II) के साथ सम्पादित एकरारनामा संख्या–24/SBD/2018-19 दिनांक–06.12.2018 को आज दिनांक–10.06.2024 को विखंडित किया जाता है। SBD/ एकरारनमा एवं बिहार ठेकेदारी निबंधन नियमावली 2007 तथा अन्य कंडिकाओं के तहत संवेदक के विरूद्ध दंडात्मक कार्रवाई अलग से की जायेगी।

10/6/24

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्र0, दरभंगा–2

ज्ञापांक 1067. / दिनांक 10/06/2024

प्रतिलिपिः– संवेदक जय माता दी इन्टरप्राईजेज, पो0–दुखी कुमार यादव एवं आपके प्रतिनिधि, ग्राम– पथरा, खिरमा, केवटी, जिला–दरभंगा (पिन नं0–847121) (Regd No-2210473 Class-II) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10/6/24

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्र0, दरभंगा–2

o/c

ज्ञापांक 1067. / दिनांक 10/06/2024 10.6.24

प्रतिलिपिः–अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल दरभंगा/ मुख्य अभियंता–6, ग्रामीण कार्य विभाग, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

10/6/24

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्र0, दरभंगा–2

ज्ञापांक 1067. / दिनांक 10/06/2024 10.6.24

प्रतिलिपिः–सचिव महोदय, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार पटना को सूचनार्थ समर्पित।

10/6/24

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्र0, दरभंगा–2

ज्ञापांक 1067. / दिनांक 10/06/2024 10.6.24

प्रतिलिपिः–कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अवर प्रमण्डल, जाले को सूचनार्थ एवं एक सप्ताह के अन्दर अंतिम मापी करना लेना सुनिश्चित करेंगें।

10/6/24

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्र0, दरभंगा–2

ज्ञापांक 1067. / दिनांक 10/06/2024 10.6.24

प्रतिलिपिः–प्रमण्डलीय लेखा पदाधिकारी/ रोकड़पाल, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, दरभंगा–2 को आदेश दिया जाता है कि इनके जमानत/ अमानत की राशि को जब्त करते हुए नियमानुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित करेगें।

10/6/24

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्र0, दरभंगा–2

10.6.24